भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 01.08.2023

आरेडिका के टाइप–।। परिसर में किया गया वृक्षारोपण।

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली में दिनांक 01.08.2023 को वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत टाइप–।। परिसर में महाप्रबंधक श्री पी के मिश्रा ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ नीम, अमरूद और जामुन के 1000 फलदार का वृक्षों का रोपण किया।

महाप्रबंधक महोदय ने आवासीय परिसर के लोगों को पेड़ पौधों लगाने की मुहीम से जोड़ने के लिए उनकी माँग के अनुसार पेड़–पौधे उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया। इसी के साथ एक नर्सरी लगाने का सुझाव भी दिया जिससे अपनी आवश्यकता के अनुरूप पौधे तैयार किए जा सकें। आवासीय परिसर के सड़को के किनारे एवं अन्य रिक्त स्थानों को चिन्हित कर वृक्षारोपण किया जाए।

यह वृक्षारोपण कार्यक्रम पीसीई श्री राजेश अग्रवाल के दिशा निर्देशन में किया गया। अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने वृक्षारोपण के लिए तैयार गडढों में पौधों के रोपण का कार्य किया। अभी तक इस वर्ष आरेडिका परिसर में कुल 19712 पौधों का रोपण किया जा चुका है।

इस अवसर पर आरेडिका के पीसीएमई श्री एस एस कलसी सीएओ श्री संजय कुमार कटियार, पीसीपीओं श्री अमर नाथ दुवे, पीसीएमओ श्री एम के शकरवाल, पीसीएससी श्री रमेश चंद्र सहित विभागाध्यक्ष एवं उच्च अधिकारीगण ने वृक्षारोपण में सहभागिता की।

01/8/2023

(आर.एन.तिवारी)
मुख्य जन संपर्क अधिकारी